भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

तारांकित प्रश्न सं. *164

जिसका उत्तर 14.12.2023 को दिया जाना है

तमिलनाडु में एक्सप्रेसवे की लंबाई

*164. श्री धनुष एम. कुमार:
श्री जी. सेल्वम:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान तमिलनाडु राज्य में निर्मित एक्सप्रेसवे की लंबाई कितनी है;

(ख) उक्त राज्य में निर्मित किए जाने हेतु परिगणित एक्सप्रेसवे की लंबाई कितनी है; और

(ग) क्या इन एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य शुरू हो गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इनके निर्माण के लिए धनराशि के स्रोत क्या हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

'तमिलनाडु में एक्सप्रेसवे की लंबाई' के संबंध में माननीय सांसद (लोक सभा) श्री धनुष एम. कुमार और श्री सेल्वाम जी द्‌वारा दिनांक 14 दिसंबर, 2023 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 164 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

(क) से (ग) तमिलनाडु राज्य में 106 किलोमीटर के साथ बेंगलुरु-चेन्नई एक्सप्रेसवे को 6974 करोड़ रुपये की कुल पूंजी लागत के साथ एचएएम मोड पर सौपा गया है और वर्तमान में कार्यान्वयन के अधीन है। 106 किमी में से 35 किमी पूरा हो चुका है और परियोजना की संशोधित पूर्णता अवधि अगस्त 2024 है।

*****